# पुरानी रंजिश एवं अवैध संबंध के फेर में पुष्पेन्द्र की हुई थी हत्या

## सरई पुलिस ने 64 दिनों बाद अंधी हत्या गुत्थी का सुलझाने का किया दावा, चार आरोपियों ने घटना को दिया था अंजाम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। सरई थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा निवासी मृतक पुष्पेन्द्र कुमार साहू की हुई अंधीहत्या गुत्थी को पुलिस ने करीब 64 दिनों बाद सुलझा लेने का दावा करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही है। एसपी मनीष खत्री ने इसकी जानकारी आज मीडिया कर्मियों के समक्ष साझा किया। इस दौरान एएसपी, एसडीओपी देवसर-चितरंगी, सरई टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे।**



गौरतलब है कि ग्राम गोरा निवासी पुष्पेन्द्र कुमार साहू 6 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे घर से खाना खाकर अपनी पाही सोने चला गया। वहां हमेशा पुष्पेन्द्र सोने जाता था। दूसरे दिन पुष्पेन्द्र घर वापस नही आया और मोबाईल भी स्वीचऑफ था। परिजन तलाश के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट सरई थाने में दर्ज कराया। जहां 19 जुलाई को पुष्पेन्द्र का शव करीब 4 किलोमीटर दूर गोरा जंगल के खरहरी नाला में एक नर कंकाल मिला। जिसका डीएनए परीक्षण भी कराया गया। 5 सितम्बर को डीएनए टेस्ट के रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि मानव कंकाल लापता पुष्पेन्द्र कुमार साहू की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या की धारा 103(1) 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के तलाश में जुट गई। एसपी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि अंधी हत्या के गुत्थी को सुलझाने के लिए एसआईटी टीम गठित की गई। जहां विवेचना के दौरान शक की सुई रावेन्द्र साहू व धीरज साहू पर घुमने लगी।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त रावेन्द्र साहू निवासी गोरा मृतक पुष्पेन्द्र साहू के घर की महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। जिस कारण पूर्व में दोनों के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। आरोपी रावेन्द्र मृतक से रंजिश रखता था। वहीं दूसरी ओर मृतक के मामा की बेटी के आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में रामकुमार एवं विजय साहू अभियुक्त थे। रामकुमार एवं विजय साहू का मानना था कि मृतक पुष्पेन्द्र अपने मामा के उक्त केस में मदद करता था। इस कारण रामकुमार एवं विजय भी पुष्पेन्द्र से रंजिश रखते थे। साथ ही आरोपी धीरज साहू के घर की महिला से मृतक पुष्पेन्द्र पूर्व में बातचीत करता था। समझाने पर वह मानता नही था। जिस कारण आरोपी धीरज भी रंजिश रखता था।

### आरोपी ने ऐसे दिया घटना को अंजाम

एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी एवं सरई टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपी रावेन्द्र साहू एवं धीरज साहू से पूछतांछ के दौरान पता चला कि पुष्पेन्द्र की हत्या का योजना एक महीने पहले से ही बनाये थे और मौके की तलाश में थे। 6 जुलाई की रात में जैसे ही पुष्पेन्द्र साहू अपने मोटरसाइकिल से पाही वाले घर के पास आया। घर के पास छीपे उक्त चारो आरोपी मृतक के साथ मारपीट कर गर्दन में गमछा लपेटते हुये खींच दिये थे, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी रावेन्द्र साहू, विजय साहू एवं रामकुमार साहू ने लाश को गोरा के जंगल खरहरी नाला के तरफ ले जाकर नाला के किनारे गड्ढा खोद कर गाड़ दिया। आगे बताया कि धीरज साहू ने पुष्पेन्द्र के मोबाईल को घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर पर सरई के पेड़ के नीचे चप्पल को पुराने ईट भट्ठा पर छुपा दिया था।

### आरोपियों के कब्जे से प्रयुक्त सामग्री जब्त

सरई पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी रावेन्द्र साहू पिता स्व. सुमारू साहू, धीरज कुमार साहू पिता धनेश साहू, रामकुमार साहू पिता रामकरण साहू व विजय साहू पिता दीनानाथ साहू सभी निवासी ग्राम गोरा के हैं। रामकुमार साहू व विजय साहू 29 अगस्त को विंध्यनगर थाना क्षेत्र के एक अपराध में पचौर जेल में निरूद्ध हैं। आरोपियों के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त सामग्री गमछा, मोटरसाइकिल, फावड़ा, 3 मोबाइल फोन बरामद हुआ।



# इंटक का एनसीएल निगाही प्रबंधन को 16 तक दी मोहलत

## इंटक यूथ प्रदेशाध्यक्ष के अगुआई में गेट मीटिंग आयोजित


नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। राष्ट्रीय कोलियरी श्रमिक संघ आरसीएसएस के द्वारा निगाही परियोजना जीएम दफ्तर के सामने आज दिन गुरूवार को इंटक यूथ प्रदेशाध्यक्ष लाल पुष्पराज सिंह के अगुआई में गेट मीटिंग आयोजित हुई। जहां परियोजना के कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए 16 सितम्बर तक तिथि मुर्क्रर की गई है।**

निगाही परियोजना में महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर इंटक की गेट मीटिंग आयोजित हुई। इस अवसर पर यूथ प्रदेशाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि परियोजना में व्याप्त समस्याएं जिसमें आवास आवंटन, कॉलोनी की रखरखाव, साफ-सफाई कोयला ढुलाई के कार्य में लगे संविदा कर्मियों की ड्यूटी 12 से 8 घंटे करने, डीपीएस स्कूल के प्राचार्य के सेवावृद्धि के विरोध में एवं लंबित जांच हैं। इसके अलावा अन्य मांगे शामिल हैं।


### एक नजर में

#### महीने के प्रथम रविवार को सांसद का होगा जन दर्शन कार्यक्रम



**सिंगरौली।** लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा महीने के प्रथम रविवार को जन दर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ करने जा रहे हैं। सांसद अपने क्षेत्रीय कार्यालय पुराने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के पास जन दर्शन कार्यक्रम का आयोजन करेंगे और सिंगरौली क्षेत्र की जनता जनार्दन की समस्याओं से अवगत होंगे तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे। जिले में सांसद के प्रतिनिधि एडवोकेट संतोष वर्मा ने बताया कि सांसद ने जन सहूलियत की दृष्टिकोण से यह फैसला लिया है कि प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सिंगरौली में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन हो और क्षेत्रीय जनता जनार्दन की अधिकाधिक सेवा की जा सके।

#### आचार्य रामाधार शास्त्री का जन्म महोत्सव 13 को



**देवसर।** आचार्य रामाधार शास्त्री जी के जन्म महोत्सव पर दो दिनों का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई। आचार्य रामाधार सेवा संघ के सचिव सचेन्द्र द्विवेदी ने बताया की गुरुदेव के जन्मोत्सव कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से उनके अनुयाई भक्त, शिष्यगण शिरकत कर रहे हैं। श्री द्विवेदी ने बताया 13 सितंबर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सुबह 8 से 10 शतचंडी महायज्ञ का हवन, सुबह 10 से 12 गुरुदेव की पादुका का पूजन, 12 से 2 गुरुदेव के भक्त जन आमंत्रित हो।



# एक किलो गांजा के साथ प्रौढ़ गिरफ्तार

## गढ़वा पुलिस ने मौहरिया-नौगई मार्ग में घेराबंदी कर दबोचा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। गढ़वा पुलिस ने ग्राम मौहरिया-नौगई सड़क मार्ग में घेराबंदी करते हुये एक बाईक सवार प्रौढ़ व्यक्ति को दबोचते हुये उसके कब्जे से 1 किलो 76 ग्राम बाजार में कीमत करीब 21 हजार रूपये का गांजा के साथ-साथ मोटरसाइकिल को जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर ली। यह कार्रवाई गढ़वा थाना प्रभारी व टीआई विद्यावारिधि तिवारी ने एसपी मनीष खत्री के निर्देश एवं एसडीओपी चितरंगी राहुल सैयाम के मार्गदर्शन में किया है।**

मुखबिरों के जरिये आज दिन गुरूवार की शाम करीब 6 बजे गढ़वा थाना टीआई विद्यावारिधि तिवारी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मौहरिया-नौगई मार्ग से मोटरसाइकिल में संदिग्ध मादक पदार्थ लेकर बेचने जा रहा है। इस सूचना के आधार पर टीआई ने पुलिस टीम के साथ तत्काल उक्त मार्ग में पहुंचे, तभी संदिग्ध बाईक सवार प्रौढ़ व्यक्ति को खड़ा कर उसके बाईक की तलाशी ली गई। जहां आरोपी ईश्वर प्रसाद पनिका पिता देवनाथ पनिका उम्र 45 वर्ष निवासी सुदा के कब्जे से गांजा बरामद हुआ। नापतौल के दौरान गांजे का वजन 1 किलो 76 ग्राम मिला। वहीं पुलिस ने मोटर साइकिल वाहन क्रमांक एमपी 66 एमजे 0352 को भी कब्जे में लेते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध की है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विद्यावारिधि, सउनि रामचरण सतनामी, प्रआर उमेश विश्वकर्मा, पुष्पराज सिंह, आर विजय यादव, अजीत उपाध्याय, चन्दन हटिला, महेश जाधव की अहम भूमिका रही।

# फिट युवा फॉर विकसित भारत की दिशा में बड़ा कदम है सांसद खेल महोत्सव : राजेश

## सांसद खेल महोत्सव के तैयारियों की सांसद ने किया समीक्षा, व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। भारत सरकार द्वारा युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान कर फिट युवा फॉर विकसित भारत के लक्ष्य को चरितार्थ करने सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 21 सितंबर से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए 29 अगस्त से 20 सितम्बर तक ऑन लाईन पंजीयन किया जाना है।**



उक्त आयोजन के तैयारियों के संबंध कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा के अध्यक्षता एवं विधायक राजेन्द्र मेंश्राम, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह के उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य संसदीय क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल सांस्कृति को बढ़ावा देने, स्वदेशी एवं मुख्यधारा के खेलो को प्रोत्साहित करने, युवाओ की सहभागीता बढ़ाने तथा फिट इंडिया के परिकल्पना को साकार करना है। उन्होंने कहा कि युवा खेल महोत्सव में भाग ले, इसके लिए अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराना सुनिश्चित करे। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी करायें। उन्होंने कहा कि नागरिको विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल क्लबो, एनजीओ, कार्पोरेटस में युवा समूह की पहचान कर उन्हे व्यापक भागीदारी के लिए महोत्सव में जोड़े। सांसद ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन तीन स्तरो ग्राम पंचायत ब्लॉक एवं सांसदीय क्षेत्र स्तर आयोजित किया जायेगा। जिसमें संसदीय स्तर पर फिट इंडिया कर्निवल भी आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव से संबंधित सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करे। बैठक के दौरान एसडीएम सृजन वर्मा, डीइओ एसबी सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य विभिन्न खेलो से संबंधित प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# एनसीएल मुख्यालय में आयोजित हुआ हाउसवाइव्स टैलेंट शो




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। एनसीएल के मुख्यालय में एनसीएल की गृहिणियों के लिए टैलेंट शो का आयोजन किया गया।**

अधिकारी क्लब सिंगरौली में आयोजित इस एक दिवसीय टैलेंट शो के दौरान एनसीएल के सभी क्षेत्रों व इकाइयों से 104 गृहिणियों ने विभिन्न विधाओं व शैलियों जैसे नृत्य, गायन, गजल, हास्य प्रसंग, रैम्प वॉक में अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान कृति महिला मण्डल की अध्यक्षा बीके दुर्गा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। साथ ही कृति महिला मण्डल की उपाध्यक्षा नम्रता कुमार व महिला मण्डल की अध्यक्षा एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में बीके दुर्गा ने कहा कि गृहिणियों का कार्य चौबीसों घंटे चलता है, लेकिन वह अपने लिए भी कुछ समय अवश्य निकालें। जिस प्रकार वे पूरे समर्पण से अपने घर को सँवारती हैं, उसी प्रकार उन्हें स्वयं को भी तराशने का अवसर प्राप्त होना चाहिए।



# साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाये : रानी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर।** नपानि महापौर रानी अग्रवाल के द्वारा आज वार्ड क्रमांक 20 का भ्रमण कर वार्ड के साफ -सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। महापौर ने वार्ड के गलियों-मोहल्लो में जाकर सड़को, नाले एवं नालियों की साफ -सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर स्वच्छता निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि वार्ड के साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाये, नालियों की सफाई कराकर उनमे कीटनाशक दवाओ का छिड़काव कराये।

# शासकीय कार्यालयों में श्रमदान गतिविधियों का आयोजन करें : शुक्ला

## आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विभिन्न अभियानों की तैयारियों की कलेक्टर ने किया समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले विभिन्न अभियानों के तैयारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने समीक्षा की।**



17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के साथ-साथ जिले में विभिन्न अभियान आयोजित किए जायेंगे। उक्त अभियानों के तैयारियों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी समन्वयक बनाकर जिले में संचालित होने वाले सभी अभियानों को सफल बनाये। कलेक्टर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तैयारियों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि जन सहभागीता के माध्यम से धार्मिक स्थलो, सार्वजनिक स्थलो सहित समस्त शासकीय कार्यालयों में श्रमदान गतिविधियों का आयोजन करे। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र एवं विद्यालयों में आने वाले दिव्यांग बच्चों को चिन्हत कर प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी को शसक्त नारी स्वस्थ्य परिवार अभियान के दौरान सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन वर्मा, सौरभ मिश्रा, उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा, डीईओ एसबी सिंह, सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# गुड टच एवं बैड टच के बारे में जानकारी को किया साझा

## इण्डियन चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल गनियारी में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। गनियारी स्थित इण्डिन चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में छात्राओं को पास्को एक्ट सहित अन्य बिन्दुओं से संबंधित सहायक संचालक शिक्षा कविता त्रिपाठी ने जानकारी को साझा किया।**



जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक कविता त्रिपाठी ने इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल गनियारी बैढ़न का निरीक्षण कर बच्चों को पाक्सो, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, गुड टच-बैड टच, संतुलित आहार सहित अन्य बाल हित सर्वोपरि को दृष्टिगत रख आवश्यक जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. आरडी पाण्डेय, सदस्य गण देवधर शर्मा, पूनम मिश्रा, पूनम त्रिपाठी, रीना सिंह, पॉक्सो के सपोर्ट पर्सन विनोद सिंह, विद्यालय के प्राचार्य जेबी गुप्ता व सभी शिक्षकों के साथ स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# आयुक्त ने सीटाडेल कंपनी को दिया अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। निगमायुक्त सविता प्रधान ने कचरा प्लांट का निरीक्षण कर सीटाडेल के ठेकेदार को कड़े लहजे में कहा कि कचरे का पृथक्करण में परिणाम बेहतर करे, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।**



आयुक्त ने गत दिवस वार्ड 41 स्थित नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन प्लांट में आयुक्त द्वारा भ्रमण किया गया, जिसमें कचरा संग्रहण कार्य में लगे सुपरवाइजर, ड्राइवर और सफाईमित्रों से संवाद करते हुए शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण के लिए निर्देशित किया और परिणाम प्राप्त नहीं होने की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित होगी। इस दौरान सफाईमित्रों को नागरिकों से संवाद करने एवं कचरे के समुचित पृथक्करण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी रूपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, सीटाडेल प्रोजेक्ट मैनेजर रावेंद्र सिंह सहित सभी सीटाडेल के कर्मचारी मौजूद रहे।

# निविदा समिति की लंबित नस्तियों का तत्काल निराकरण करें : सविता

## निगमायुक्त प्रत्येक बुधवार को राजस्व, निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग की करेंगी समीक्षा, पीएम आवास के लंबित डीपीआर के निराकरण का मांगा पालन प्रतिवेदन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 सितम्बर। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने कहा कि अब सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को मेरे द्वारा राजस्व, निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग की वृहद स्तर पर समीक्षा की जायेगी।**

निगमायुक्त ने ननि अधिकारियों को सभागार में संबंधित समस्त विभागों की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दीं। निगमयुक्त ने बैठक में लंबित पीएम आवासो के डीपीआर की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को लंबित डीपीआर का निराकरण करने के निर्देशित किया और कहा कि शहर की सड़को पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये निगम द्वारा देवरा में संचालित गौशाला के चारो ओर फेसिंग कराकर वहां पर रखे गये गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा एवं पानी की व्यवस्था करे। साथ ही दल गठित कर रात्रि के समय सड़को में घूमने वाले अवारा मवेसियों को पकड़ कर उन्हें गौशाला में भेजने की कार्यवाही की करे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक से संपर्क कर गौशाला में रखे गये आवारा मवेसियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराना सुनिश्चित करे। आयुक्त ने शहर के मुख्य मार्गो में किए अतिक्रमण की समीक्षा करते हुये अतिक्रमण अधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर शहर के मुख्य मार्गो, बाजारों से तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करे। बैठक के दौरान ईई प्रदीप चडार, उपायुक्त आरपी बैस, एचएम श्रीवास्तव, एसडीओ संतोष पाण्डेय, दिनेश तिवारी, एसएन द्विवेदी, अक्षत उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे।



### उपयंत्रियों के कार्यो की डायरी की प्रत्येक माह होगी समीक्षा

निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी सीएम हेल्पलाइन 100 दिन से अधिक की लंबित ना रहे। तत्काल उनका निराकरण करे और जनसुनवाई के लंबित प्रकरण का समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करे। वहीं निविदा समिति की समस्त लंबित नस्तियों का तत्काल निराकरण कर समस्त निविदा समिति की लंबित नस्तियों का तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त उपयंत्रियों को उनके द्वारा प्रति दिवस किए जाने वाले कार्यो को डायरी में लिखने व माह के अंत में मेरे द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा की जायेगी।